यूरोपीय संघ का प्रस्ताव : स्ट्रॉ एवं अन्य एकल उपयोग प्लास्टिक पर लगे प्रतिबंध

संदर्भ

यूरोपीय संघ ने समुद्री जीवन की रक्षा में मदद करने के लिये एकल उपयोग प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव रखा है। यूरोपीय संघ का मानना है कि प्लास्टिक कचरा निर्विवाद रूप से एक बड़ा मुद्दा है और इस समस्या से निपटने के लिये यूरोपीय लोगों को एक साथ कार्य करने की आवश्यकता है।

क्या है प्रस्ताव?

कई प्रकार के उपायों के माध्यम से सुपर मार्केट से एकल उपयोग प्लास्टिक को कम करना।
प्लास्टिक की वस्तुओं में से कुछ को प्रतिबंधित करना तथा उनके स्थान पर अन्य स्वच्छ विकल्पों को उपलब्ध कराना, जिससे लोगों को अपने पसंदीदा उत्पादों का उपयोग करने में कोई परेशानी न हो।

उद्देश्य

- इन प्रस्तावों का उद्देश्य कई सामान्य प्लास्टिक वस्तुओं के प्रयोग को रोकना है जिनमें स्ट्रॉ, कॉटन बड्स, कटलरी, गुब्बारे की स्टिक आदि शामिल हैं।
- प्रशासनिक निकाय 2025 तक रीसाइक्लिंग के लिये लगभग सभी प्लास्टिक की बोतलों को भी इकट्ठा करना चाहता है।

कैसे मदद करेगा यह प्रतिबंध?

यूरोपीय संघ का अनुमान है कि प्रतिबंध मदद करेगा:

- 3.4 मिलियन टन कार्बन उत्सर्जन से बचने में;
- 2030 तक € 22bn (£ 19.2bn) के समतुल्य लागत वाले पर्यावरण के नुकसान को रोकने में;
- उपभोक्ताओं के € 6.5bn बचाने में।

इस प्रस्ताव को पारित होने से पहले 28 सदस्य राज्यों और यूरोपीय संसद द्वारा अनुमोदन की आवश्यकता होगी।

कठोर उपाय

- यूरोपीय संघ के प्रस्ताव में प्लास्टिक प्लेटों और कपों से लेकर फास्ट फूड जैसे खाद्य उत्पादों की पैकेजिंग के लिये डिस्पोज़ेबल खाद्य कंटेनर और डाइनिंग वेयर को लक्षित किया गया है।
- इस योजना में कॉटन बड्स, प्लेटों और स्ट्रॉ जैसे एकल उपयोग प्लास्टिक वस्तुओं पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध के लिये कोई समय-सीमा निर्धारित नहीं की गई है।
- यदि इस प्रस्ताव को सहमति मिल जाती है, तो सदस्य देशों को एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक के खाद्य कंटेनरों और सुपर मार्केट में बिक्री के लिये उपलब्ध कपों की संख्या को कम करने के लिये सक्रिय प्रयास करने की आवश्यकता होगी।
- प्रत्येक देश को एक शिक्षा अभियान शुरू करना होगा, जिसमें खाद्य उत्पादकों को उत्पादों पर स्पष्ट रूप से लेबल लगाने और उपभोक्ताओं को प्लास्टिक कचरे का निपटान करने के बारे में सूचित करने की आवश्यकता होगी।
- उत्पादकों को टिकाऊ सामग्रियों की बजाय डिस्पोज़ेबल प्लास्टिक उत्पादों को बनाने के लिये प्रोत्साहित करने के लिये प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।
- प्लास्टिक उत्पादों का उत्पादन करने वाली कंपनियों को भी अपशिष्ट निपटान लागत में योगदान करने की आवश्यकता हो सकती है।

पृष्ठभूमि

- यूरोपीय संघ के सदस्य देशों के प्रत्येक नागरिक द्वारा साल भर में औसतन पाँच सौ प्लास्टिक की थैलियों का उपयोग किया जाता है।
- जर्मनी के पर्यावरण और प्राकृतिक संरक्षण संघ के अनुसार, विश्व के 25 फीसदी देशों में प्लास्टिक की थैलियों पर या तो प्रतिबंध है या फिर इन पर कर लगाया जाता है।
- इसके बावजूद समुद्र में प्लास्टिक के छोटे-छोटे कण मौजूद हैं।

प्लास्टिक से समुद्री जीवन को ख़तरा

चूँकि, समुद्री सतह पर इन प्लास्टकि कणों की संख्या बहुत ज्यादा है। इसका तात्पर्य यह है कि मिछलियाँ इसे खाती हैं और उनके पेट में प्लास्टकि जमा हो जाता है, हो सकता है कि मिछलियाँ प्लास्टकि के जमा होने के कारण भरे पेट भूखी मर जाएंगी।

नष्किर्ष

प्लास्टकि की थैलियों पर प्रतबिंध का असर तब ही हो सकता है, जब उसका अच्छा वकिल्प मौजूद हो। साथ ही प्लास्टकि पर प्रतबिंध लगाने वाले नियिमों को सख्ती से लागू कयिा जाना चाहयि।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/eu-proposes-ban-on-straws-and-other-single-use-plastics